प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

राष्ट्रपति भवन में आज राजाजी उत्सव मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर–जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। ये प्रतिमा राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्थापित की गई है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी शिरकत कर रहे है। इस दौरान श्री शेखावत ने प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढकर सुनाया। राजाजी उत्सव के दौरान 1 मार्च तक सी. राजगोपालाचारी पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। ये प्रदर्शनी कल से शुरू होगी।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रशंसा हुई है। उन्होंने कहा कि इस समिट ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवाओं की दूरदर्शी सोच मानवता को कितना लाभ पहुंचा सकती है। समिट का समापन, एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणापत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो वैश्विक सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

....

पूर्व रेल मंत्री और राज्यसभा सांसद मुकुल रॉय का आज निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। वे लंबे समय से कई बीमारियों से ग्रस्त थे। श्री रॉय तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दिवंगत नेता को उनके राजनीतिक अनुभव और समाज सेवा के प्रयासों के लिए याद किया जाएगा।

....

करौली के हिण्डौन सिटी कस्बे में पनबेडा गांव के पास कल रात एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली के मोटरसाईकिल को टक्कर मारने से हुआ। मोटरसाइकिल पर सवार सभी लोग एक ही परिवार के थे। उधर कोटपूतली बहरोड में दिल्ली जयपुर हाईवे पर सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की जलकर मृत्यु हो गई। दुर्घटना ट्रेलर के डम्पर से टकरा जाने से हुई। वहीं अलवर के भिवाड़ी खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्टरी ब्लास्ट हादसे में घायल 8वें श्रमिक की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। गौरतलब है कि इस हादसे में 7 श्रमिकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी जबकि एक श्रमिक घायल को गया था, जिसे ईलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

....

प्रदेश में आने वाले देशी विदेशी सैलानियों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी में विभाग का पर्यटक सहायता बल सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को जरूरत पडने पर मदद करने के लिए तत्पर है। पर्यटन सहायता बल के उप निदेशक संग्राम सिंह ने सोशल मीडिया पर अपील की कि पर्यटक किसी भी प्रकार की मदद के लिए सहायता बल के बूथ या कार्मिक से संपर्क कर सकते हैं।

....

प्रदेश में कुछ स्थानों पर मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। इससे राजधानी जयपुर और आस–पास के इलाकों में बादल छाये हुए है। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। जयपुर–सीकर रोड पर हल्की बारिश के साथ तेज हवा भी चली। वहीं दौसा में बरसात के समाचार है। इस बीच राज्य में गर्मी का असर महसूस किया जा रहा है। दिन के समय तीखी धूप लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। जयपुर,

अजमेर, बीकानेर, भरतपुर और जोधपुर संभाग के शहरों में दिन का तापमान 29 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। सबसे अधिक 34 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म रहा। श्रीगंगानगर में तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जबकि पिलानी, जैसलमेर, बीकानेर, फलोदी, चूरू, सीकर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर और जयपुर में भी तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहने की संभावना है। आज जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

....